**आकाशवाणी मध्यप्रदेश से प्रस्तुत हैं प्रादेशिक समाचार**

**दिनांक : 05.08.2025** **समय : 07.10pm**

**मुख्य समाचार :–**

- भारत और फिलीपिंस के बीच 9 समझौतों पर हुए हस्ताक्षर।
- मुख्यमंत्री अध्यक्षता में हुई कैबिनेट की बैठक में कई महत्वपूर्ण प्रस्तावों को मिली स्वीकृति।
- उत्तराखंड में बादल फटने से आई बाढ़, राहत और बचाव कार्य जारी।
- प्रदेश में हल्की बारिश का दौर जारी, भिंड, मुरैना, श्योपुर के लिए यलो अलर्ट।

**अब समाचार विस्तार से:–**

**भारत-फिलीपींस समझौता**

भारत और फिलीपींस के बीच आज नौ समझौतों पर हस्ताक्षर हुए। ये समझौते प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और फिलीपींस के राष्ट्रपति फर्डिनेंड रोमुअलदेज़ मार्कोस जूनियर की उपस्थिति में किए गए। इन समझौतों में दोनों देशों के बीच कूटनीतिक सहभागिता, आपराधिक मामलों, रक्षा, विज्ञान और तकनीक सहित अन्य क्षेत्रों में आपसी कानूनी सहायता संधि शामिल हैं। मीडिया से बातचीत में प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत और फिलीपींस अपने राजनयिक संबंधों की 75वीं वर्षगांठ मना रहे हैं, ऐसे में फिलीपींस के राष्ट्रपति की यात्रा विशेष महत्व रखती है।

विधानसभा

विधानसभा में आज चार विधेयक प्रस्तुत किये गये। मोटरयान कर संशोधन विधेयक परिवहन मंत्री उदयप्रताप सिंह ने प्रस्तुत किया। इसके तहत समय पर कर जमा न करने वाले वाहन मालिकों पर चार गुना जुर्माना लगाये जाने का प्रावधान है। एमएसएमई मंत्री चैतन्य कश्यप ने मप्र जन विश्वास संशोधन विधेयक रखा। राज्यमंत्री गौतम टैटवाल ने माध्यस्थम अधिकरण संशोधन विधेयक एवं समाज के कमजोर वर्गों के विधिक सहायता निरसन विधेयक प्रस्तुत किया। नगरीय प्रशासन मंत्री कैलाश विजयवर्गीय द्वारा प्रस्तुत मप्र महानगर क्षेत्र नियोजन एवं विकास विधेयक पर चर्चा हुई। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मप्र की विकास यात्रा को लेकर वक्तव्य दिया। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश देश के मध्य में बसा हुआ है। इसलिए यहां होने वाले विकास कार्य अप्रत्यक्ष रूप से देश के विकास में

भी सहभागी होते हैं। इस पर नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने कहा कि प्रदेश में इंडस्ट्रियल पार्क बनाने की जरूरत है। अन्य राज्यों में इस तरह के पार्क बने हैं।

**कैबिनेट**

विधानसभा के मानसून सत्र के बीच आज कैबिनेट की महत्वपूर्ण बैठक हुई। विधानसभा में मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव की अध्यक्षता में हुई बैठक में जबलपुर जिले के रांझी में 100 बिस्तर का नया सरकारी अस्पताल बनाने के लिए पांच एकड़ जमीन देने का फैसला किया गया है। यह अस्पताल कर्मचारी राज्य बीमा निगम के लिए बनेगा। कैबिनेट ने मुरैना जिले में 600 मेगावाट बिजली उत्पादन और भंडारण के लिए भी गारंटी देने का प्रस्ताव पास कर दिया है। बैठक में मुख्यमंत्री शहरी अधोसंरचना विकास योजना के चौथे चरण को सरकार ने मंजूरी दी है।

**परीक्षा पे चर्चा**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की प्रमुख पहल, परीक्षा पे चर्चा को 'एक महीने में नागरिक सहभागिता मंच पर सबसे अधिक लोगों के पंजीकरण' के लिए गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड में दर्ज किया गया है। यह मान्यता माई गॉव प्लेटफॉर्म पर कार्यक्रम के आठवें संस्करण के दौरान तीन करोड़ 53 लाख पंजीकरणों के साथ हासिल की गई उपलब्धि का प्रमाण है। परीक्षा पे चर्चा श्री मोदी की परिकल्पना के अनुरूप अनूठा मंच है। इसमें प्रधानमंत्री छात्रों, शिक्षकों और अभिभावकों से सीधे संवाद करते हैं। नई दिल्ली में आज एक समारोह में आधिकारिक गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड प्रमाणपत्र औपचारिक रूप से प्रदान किया गया।

**सत्यपाल मलिक निधन**

जम्मू-कश्मीर के पूर्व राज्यपाल, **सत्यपाल मलिक** का आज दोपहर निधन हो गया। वे 79 वर्ष के थे . प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने उनके निधन पर शोक व्यक्त किया।

**उत्तराखंड-बादल फटा**

उत्तराखंड में उत्तरकाशी के धराली में बादल फटने के बाद आई अचानक बाढ़ से अत्यधिक नुकसान हुआ है। बादल फटने के बाद, खीर गंगा नदी में अचानक बाढ़ आने से भारी नुकसान हुआ। जिला आपातकालीन परिचालन केंद्र के अनुसार, धराली बाज़ार क्षेत्र में भारी मलबे के कारण इमारतों, होटलों और दुकानों को अत्यधिक नुकसान हुआ है। सेना, राज्य आपदा मोचन बल, राष्ट्रीय आपदा मोचन बल, जिला प्रशासन और अन्य एजेंसियों की सहायता से राहत और बचाव कार्य जारी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उत्तरकाशी के धराली में हुई त्रासदी से प्रभावित लोगों के प्रति संवेदना व्यक्त की है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने घटना पर दुख व्यक्त करते हुए कहा कि जिला प्रशासन, भारतीय सेना, राष्ट्रीय आपदा मोचन बल और राज्य आपदा मोचन बल के दल प्रभावित क्षेत्रों में राहत और बचाव कार्यों में लगे हुए हैं। **धराली में आपदा को देखते हुए उत्तरकाशी जिला प्रशासन ने हेल्पलाइन नंबर जारी किए हैं: ये नम्बर हैं - 01374-222126, 01374-222722, और 9456556431**

**एफपीओ समिट 2025**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने राज्य कृषि विस्तार एवं प्रशिक्षण संस्था, भोपाल में आयोजित स्वर्णिम मध्यप्रदेश : विजन 2047 अंतर्गत आयोजित एफपीओ डायरेक्टर समिट 2025 का शुभारंभ किया। डॉ. यादव ने कहा कि फूड प्रोसेसिंग यूनिट्स को बढ़ावा देकर फसल उत्पादन को प्रोसेसिंग से जोड़ना, किसानों की आमदनी बढ़ाने और उन्हें समृद्ध बनाने की दिशा में एक मजबूत कदम है।

**मुरूगन - सम्मेलन**

सूचना और प्रसारण राज्य मंत्री डॉ. एल. मुरूगन ने कहा है कि एक आधुनिक, समावेशी और मीडिया तथा मनोरंजन के कुशल इको-सिस्टम के निर्माण में राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को बड़ी भूमिका निभानी है। श्री मुरूगन आज नई दिल्ली में राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के सूचना और जनसम्पर्क सचिवों के राष्ट्रीय सम्मेलन के उद्घाटन के अवसर पर बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि सरकार मनोरंजन क्षेत्र को उच्च प्राथमिकता देती है और इसे बढावा देने के लिए कई कदम उठाए हैं। सूचना और प्रसारण सचिव संजय जाजू ने कहा कि भारत में हाल में कंटेंट क्रिएशन में बहुत अधिक वृद्धि हुई है।

गणेश अभियान

प्रदेश में इस बार गणेश चतुर्थी का पर्व पर्यावरण संरक्षण का एक बड़ा संदेश लेकर आ रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने प्रदेश व्यापी माटी गणेश - सिद्ध गणेश अभियान की कल शुरुआत की है। जिसका उद्देश्य मिट्टी की गणेश प्रतिमाओं की स्थापना करने के लिए जन जागरुकता फैलाना है।

-वीओ-

*जन अभियान परिषद द्वारा संचालित होने वाले इस अभियान का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण और गणेश चतुर्थी पर मिट्टी से बनी प्रतिमाओं के उपयोग को प्रोत्साहित करना है। अभियान के तहत नर्मदा समग्र संस्थान प्रशिक्षण के माध्यम से सभी 313 विकासखण्ड में महिलाओं को ट्रेनिंग देगा, यह महिलाएं अपने गांवों में स्थानीय महिलाओं को प्रेरित कर मिट्टी की 10 लाख गणेश प्रतिमाओं निर्माण कराएंगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने अभियान के गीत और पोस्टर का विमोचन करते हुए इस प्रयास के लिए सभी को लिए बधाई दी है।*

*मुख्यमंत्री ने इस अभियान के लिए एक संकल्प गीत भी जारी किया है जो प्रदेश के घर-घर में जलप्रदूषण को रोकने और पर्यावरण से जुड़ने का संदेश दे रहा है।*

*आकाशवाणी भोपाल से मैं प्रशांत शर्मा*

**<u>मौसम</u>**

प्रदेश में हल्की बारिश का दौर आज और कल भी जारी रहने की संभावना है। मौसम विभाग ने भिंड, मुरैना, श्योपुर जिलों में भारी वर्षा का यलों अलर्ट जारी किया है। इसके अलावा भोपाल, विदिशा, रायसेन सहित अन्य जिलों में कुछ स्थानों पर हल्की बारिश की संभावना है। पिछले 24 घंटों में भिंड जिले में भारी बारिश दर्ज की गई। जिले के रौन में 2 दशमलव 8 इंच बारिश दर्ज की गई।

अब कुछ समाचार संक्षेप में .....

- केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय के भोपाल परिसर में आज से संस्कृत सप्ताह महोत्सव का शुभारंभ हुआ। महोत्सव 11 अगस्त तक चलेगा।
- खंडवा जिले में संचालित "अमृत संचय अभियान" के प्रचार प्रसार के उद्देश्य से आज जिला पंचायत सभाकक्ष में सोशल मीडिया इनफ्लुएंसर्स की कार्यशाला आयोजित की गई
- सीहोर के कुबेरेश्वर धाम में चल रही कांवड यात्रा के दौरान भगदड़ में भीड़ में दबने से 2 महिला श्रद्धालुओं की मौत हो गई वही लगभग 10 अन्य महिलाए घायल हो गई जिन्हें जिला अस्पताल में भर्ती किया गया है।
- नर्मदापुरम जिले की केंद्रीय जेल में विभिन्न रोगों से पीड़ित बंदियों की जांच और उपचार के लिए शिविर में 46 बंदियों का उपचार कर जरूरत की दवाइयां वितरित की गईं।

- जबलपुर रेल मंडल में स्वच्छ भारत अभियान 2025 के तहत आज मंडल के विभिन्न विभागों द्वारा स्वच्छता जागरूकता रैली और प्रभात फेरी निकाली गई।
- भोपाल कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह ने आज मुगालिया छाप में स्कूल, गोशाला और आंगनवाड़ी केंद्र के निरीक्षण के दौरान सड़क किनारे के अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिये।

----------------